## एक नजर में

### तीन मैच हुए, श्री 11 ने जीत हासिल की

**रतलाम।** सज्जन मिल रोड स्थित आईटीआई खेल का मैदान में बाबूस क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में रविवार को हलचल ट्रॉफी ट्रॉफी 2025 आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत इसमें 24 टीम ने भाग लिया तथा 9 दिनों तक में मैच करवाया जाएगा प्रत्येक मैच 10 ओवर का रहेगा। जिसका फाइनल मैच 7 दिसंबर को होगा तथा विजेता को 100000 का पुरस्कार व उपविजेता को 51000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा साथ ही विजेता एवं उपविजेता को चमचमाती हुई ट्रॉफी दी जाएगी। रविवार को 3 मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच श्री 11 और चितावत के बीच हुआ। जिसमें श्री 11 ने जीत हासिल की। मैन ऑफ़ द मैच शंकर रहे। दूसरा मैच यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब और बाबुस के बीच खेला गया।जिसमें बाबुस ने जीत हासिल की। इसमें मैन ऑफ द मैच शुभम डांगी रहे। तीसरा मैच बाबुस और श्री 11 के मध्य खेला गया। जिसमें श्री 11 ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच शंकर रहे। सोमवार को प्रात: प्रथम मैच जवाहर भारत और यंग स्टार के मध्य रहेगा तथा दूसरा मैच नई शुरुआत और शेरनी क्लब के बीच खेला जाएगा इस तरह तीसरा मैच अंबर क्रिकेट क्लब और इंडियन गोल्ड के मध्य खेला जाएगा। मैच की अंपायरिंग रोहित पाल,महेश प्रजापत, संजू सैमसंग, ईश्वर सिंह एवं शुभम् ने की। स्कोरिंग देवराज एवं मिश्रा जी द्वारा की गई। संचालन एवं कमेंट्री चंचल चौहान, योगेंद्र सिंह जादौन, कृष्णा शर्मा,रतन बाबा ने की तथा मैच में रितेश गोजर राजेंद्र सिंह मितेश जैन नितिन संघवी सागर प्रजापति श्रीनिवास गोपी अमर भुसार विजय शाह राजेश सोनकर मिलन सिंह विनोद यादव मास्टर शैलेंद्र सिंह सिसोदिया विक्रम बाथव आदि कार्यकर्ता मैदान में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक राकेश मिश्रा एवं निलेश पटेल ने दी।

### चित्रो प्रदर्शनी का शुभारंभ



**रतलाम।** खेरादीवास स्थित नीम वाले उपाश्रय में रविवार को नगर सौ.वृ.त. श्री राजेंद्रसूरि त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ के तत्वाधान में चित्र प्रदर्शनी रथ यात्रा आगमन हूआ है। परम पूज्य अभिधान राजेंद्र कोष के रचयिता, मोहनखेड़ा के नायक,पुण्य ऊर्जा के पुंज, नाम स्मरण से हाजरा हुजूर,कलिकाल कल्पतरु प्रभु श्रीमद्विजय राजेंद्रसुरिश्वर म.सा. के 200 जन्म जयंती 2027 में आ रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए परम पूज्य मुनिराज श्री लाभेषविजय म.सा द्वारा संयोजित गुरुदेव के 421 चित्रों की रथ यात्रा पूरे देश में भ्रमण कर रही है। इस रथ यात्रा का उद्देश्य विश्वपूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरिश्वर म.सा. के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करना है। इसी तारतम में मालवा की हृदयस्थली रतलाम में यह रथ यात्रा 30 नवंबर व 1 दिसंबर को प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन मोहनखेड़ा महातीर्थ महामंत्री फतेह लाल कोठारी, श्री संघ अध्यक्ष सुशील छाजेड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्बोधन रथ यात्रा सारथी राजेश जैन ने दिया और कहा कि यह रथ यात्रा संपूर्ण भारत में भ्रमण करते हुए यहां पहुंची है कुछ तस्वीरें तो ऐसी बनाई है जिनका कोई जवाब नहीं जैसे दीपक के काजल से तस्वीर बनाई, एक ही चित्र में गुरुदेव के 36 गुणो का वर्णन करना सरल बात नहीं है इस तरह से 421 अद्भुत चित्र प्राप्त हुए हैं। फतेह लाल कोठारी ने कहा कि मैं मोहनखेड़ा महातीर्थ से उस समय से जुड़ा हुआ हूं। जब वहां पर पांच कमरे भी नहीं थे आज मोहनखेड़ा तीर्थ महान तीर्थ बन गया है सब गुरुजी की कृपा है उनका ही आशीर्वाद है। सुशील छाजेड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम भी रतलाम में 2027 में 200 वीं तिथि पर नवाचार करेंगे। कार्यक्रम के मंच का संचालन चंदन मादरेचा ने किया तथा आभार राजकमल दुग्गड ने माना। जिसमें दादा गुरुदेव के 421 चित्र हाथों से बने हुए हैं जो दार्शनीय और अलौकिक है। 1 दिसंबर 2025, सोमवार को प्रदर्शनी का अवलोकन प्रात: 9:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रहेगा। स्थान खेरादीवास स्थित नीम वाला उपाश्रय रहेगा। सौ.वृ.त. श्री राजेंद्रसुरि त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ रतलाम निवेदन करता है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर प्रदर्शनी का अवलोकन कर पुण्य अर्जित करें।

### रावल को राज्यपाल ने दिलाई रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश शाखा की वाईस चेयरमैन की शपथ



**रतलाम।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रेडक्रॉस कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी से कहा कि संगठन के प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्च मानदंडो का पालन करें। दीन- दुखी, वंचित और पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस पावन पथ पर चलने का जो सुअवसर मिला है, उसे अपने ज्ञान, कौशल और प्रयासों से रेडक्रॉस संगठन का गौरव बढ़ाए। मानव सेवा की पावन परम्परा में प्रदेश की रेडक्रॉस इकाई के कार्यों के नए आदर्श स्थापित करें। समाज के सबसे ज़रूरतमंद लोगों के जीवन में आशा, राहत और सुरक्षा का संबल बने। रेडक्रास के कार्यों को नई गति, नई दिशा और नए विस्तार के साथ आगे बढ़ाए। उन्होंने नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे (पूर्व आईएएस), उप सभापति मनीष रावल (रतलाम) और मानसेवी कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता (बैतूल) को शपथ दिलायी। सभी को पुष्प-गुच्छ भेंटकर आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी। राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस के जिला प्रतिनिधियों को संभागवार शपथ दिलायी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नव निर्वाचित तीनों पदाधिकारियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान किया। राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित समारोह में आयुक्त लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण डॉ. तरुण राठी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, रतलाम रेडक्रॉस चेयरमैन प्रीतेश गादीया, रतलाम रेडक्रॉस के सचिव मानस पुरोहित, रतलाम रेडक्रॉस संचालक दिनेश बरमेचा, डॉ हितेश पाठक, विक्की जैन, राकेश तिवारी, उदित अग्रवाल, नितिन अरोरा, कुट्टू चौहान, योगेश शर्मा, डॉ डी के रावल, प्रदीप रावल, नवीन रावल, प्रणय रावल, ऋतू रावल, ज्योति शर्मा एवं रेडक्रास की प्रदेश शाखा के पदाधिकारी और जिलों के रेडक्रास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. कारूलाल जमड़ा मलेशिया में रिसर्च एक्सपर्ट आमंत्रित

**जावरा।** बहुभाषी साहित्यकार एवं अंग्रेजी के शिक्षक-प्रशिक्षक डॉ. कारूलाल जमड़ा को आगामी जनवरी में मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में होने वाली वर्ल्ड स्कूल समिट में बतौर ट्रेनिंग एवं रिसर्च एक्सपर्ट आमंत्रित किया गया है। श्री जमड़ा को प्रशिक्षण एवं शोध में उनके दीर्घकालीन अनुभव को ध्यान में रखते हुए विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण की तकनीकों पर बोलने हेतु आमंत्रित किया गया। उल्लेखनीय है की जमड़ा शिक्षा विभाग में निर्धारित अंग्रेजी प्रशिक्षणों के साथ गैर-सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित सेमिनारों, कार्यशालाओं में मानव संसाधन गुणवत्ता प्रबंधन, निजी पैरामेडिकल स्टॉफ और लिगल क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों हेतु इंग्लिश कम्युनिकेशन की तकनीके साझा कर चुके हैं। इसके पहले भी उन्हें बतौर एक्सपर्ट प्रशिक्षक हैदराबाद एवं बेंगलुरु वर्ल्ड समिट में आमंत्रित किया जा चुका है। वे कुल मिलाकर लगभग 2000 घंटों की प्रशिक्षण कालावधि पूरा कर चुके है। मलेशिया समिट में विश्व के बीस देशों के ट्रेनिंग एक्सपर्ट और शोध शिक्षाविद् भाग लेंगे।

# जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं, 2रैंक मिले और 4 प्राप्त होंगे

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह ने रविवार को जिले में उर्वरक उपलब्धता, रैक आवक एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारिता, अनुविभागीय कृषि अधिकारी तथा समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया है कृषकों को समझाईश दी जाये एवं अवगत कराया जाये कि जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है वर्तमान में यूरिया की दो रैंक प्राप्त हो गई है एवं इसके पश्चात 4 रैंक ओर प्राप्त होने वाली है। लगातार रैंक प्राप्त हो रही है।

**उर्वरकों की उपलब्धता हेतु समीक्षा बैठक संपन्न**

कलेक्टर मिशा सिंह ने उर्वरक वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। गत वर्ष 2024 में माह अक्टूबर में यूरिया 14327 मे.टन एवं नवंबर में 15202 मे. टन इस प्रकार कुल 29529 मे. टन यूरिया का वितरण किया गया था। जबकि इस वर्ष 2025 में माह अक्टूबर में 16275 मे. टन एवं नवंबर में 16996 मे. टन यूरिया इस प्रकार कुल 33270 मे.टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है, जो गत वर्ष 2024 की तुलना में 3741 मे. टन अधिक है तथा आज दिनांक को जिले में यूरिया उर्वरक की उपलब्धता 2036 मे. टन है।

समस्त किसान भाई उर्वरकों का फसलों की अनुशंसा अनुसार संतुलित मात्रा में ही उपयोग करें, जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।



## आज निकलेगी गीताजी की रथ यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्रीमद् भागवत गीता जयंती महोत्सव प्राचीन श्री हनुमान बाग मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। श्री राधा कृष्ण संस्कार परिषद, श्री सनातन गीता परिवार एवं भक्त मंडल के बैनर तले होने वाले 22 वें आयोजन के तहत महोत्सव शुरू होने के पहले भागीरथी भवन धीरज शाह नगर से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

**श्रीमद् भागवत गीता जयंती महोत्सव के तहत आयोजन**

श्री राधा कृष्ण संस्कार परिषद के संस्थापक संयोजक पुष्पोदभव शास्त्री ने बताया कि 22 वां श्रीमद् भागवत गीता जयंती महोत्सव 1 दिसंबर को मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे भागीरथी भवन, धीरज शाह नगर गली नंबर 1 से श्रीमद् भागवत गीता की रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल श्री हनुमान बाग अमृत सागर तालाब पर पहुंचेगी। प्रात: 9 बजे से श्री हनुमान बाग मंदिर परिसर, अमृत सागर के सामने मनाया जाएगा। उत्सव के तहत 9 बजे तक श्रीमद् भागवत गीता का पूजन किया जाएगा। 11 से 1 तक श्रीमद् भागवत गीता पाठ का आयोजन होगा। 1 से 2 बजे तक भजन कीर्तन होंगे। तत्पश्चात 2 बजे से शाम 4 बजे तक विद्वान वक्ताओं द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के ज्ञान पर अपना चिंतन व्यक्त करेंगे। आरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। श्री सनातन गीता परिवार एवं भक्त मंडल के डॉ. राजेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, वार्ड क्रमांक 19 की पार्षद कविता चौहान, नेता भाजपा नेता राजेंद्र चौहान, मनोज शर्मा, प्रमोद मिश्रा, सतीश राठौड़, संतोष सोनी, नाथूराम तिवारी, शांतू गवली, मोहन गोधा, सुरेश मजावदिया, एमपी मिश्रा, सुरेंद्र सलूजा, मनमोहन दीक्षित, अरुणेश व्यास, पवन गुप्ता, योगेश चौबे, नवीन मेहता, अजय टांक, केशव शास्त्री, अमन सिंह सलूजा, ईश्वर पाटीदार, कैलाश पाटीदार सहित अन्य ने शहर के धर्मालुओं से महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया है।



## रेलवे पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों ने मल्टी जिम का अवलोकन किया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर संगठन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गायत्री टॉकीज स्थित मल्टी जिम का न केवल अवलोकन किया बल्कि व्यायाम भी किया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि रेलवे पेंशनर दशरथ शर्मा के सुपुत्र अर्पित शर्मा एवं गौतम पांचाल ने शहर के युवाओं के लिए एवं सभी वर्ग के लिए यह मल्टी जिम स्थापित किया है जो निश्चित ही आज के योग, व्यायाम के लिए आवश्यक है लेकिन इसका भी उपयोग सुरक्षा एवं संरक्षा के अधीन सीनियर सिटीजन को करना चाहिए। इस अवसर पर संचालक द्वारा सभी पेंशनर्स का केसरिया दुपट्टे से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र व्यास, एम ए खान राजा भैया, रमेश चंद्र शुक्ला, देवेंद्र वर्मा,व्हाय एस कटारिया, महेश चंद शर्मा, आर एस झाला, मनोहर लाल एम, संतोष कुमार सोनी, रमेशचंद्र सी, राजेंद्र कुमार,सुधीरकांत दुबे, इंद्रपाल परदेसी, अशोक दीक्षित, गयाप्रसाद शर्मा, मनोरमा गहलोत, माया शर्मा, आदि उपस्थित रहै।

## पुलिस ने की रात में जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाशों की चेकिंग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने की बीती रात में जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाशों की अभियान चलाते हुए चेकिंग की। वहीं लंबे समय से फरार 39 स्थाई वारंट, 91गिरफ्तारी वारंट किए तामील भी किए।

**लंबे समय से फरार 39 स्थाई वारंट, 91गिरफ्तारी वारंट किए**

जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु एसपी अमित कुमार की अगुवाई में बीती रात से सुबह तक जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा पुराने कंट्रोल रूम पर रतलाम शहर अनुभाग के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार- 39 स्थाई वारंटियों, 91- गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। रतलाम पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### एसआईआर के लिए तारीखें बढ़ाकर संशोधित कार्यक्रम जारी

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग ने 01जनवरी 2026 को अर्हता तिथि के संदर्भ में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए संबंधित तारीखों को एक सप्ताह तक बढ़ाकर एक संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए संशोधित कार्यक्रम अनुसार गणना की अवधि 11 दिसंबर तक रहेगी, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थापन 11 दिसंबर तक, कंट्रोल टेबल का अद्यतनीकरण और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर को, दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026 तक, नोटिस चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन); ईआरओ द्वारा दावों और आपत्तियों का निस्तारण 17 फरवरी 2026 तक।

## 4 दिन मतदान जैसे समझकर एसआईआर कार्य पूर्ण कराए : मंत्री काश्यप



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड संयोजकों से अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। जिन क्षेत्रों में कार्य की गति धीमी है, उन्हें गति को और अधिक बढ़ाने के साथ तय समय पर कार्य पूर्ण करने की बात कही।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मंडल महामंत्री भूपेंद्र कावड़िया सहित सभी भाजपा पार्षद, वार्डों के संयोजक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसी को कोई परेशानी हो तो मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को अवगत कराए। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि आपने वीसी में सुना होगा कि अगले 4 दिन बहुत महत्वपूर्ण है। पूरी ताकत लगाकर हम काम करेंगे तो 95% तक यह कार्य पूरा हो जाएगा। बैठक का संचालन एसआईआर विधानसभा संयोजक संचालन जयवंत कोठारी ने किया, आभार जिला प्रभारी नितिन लोढ़ा ने माना।

## सांदीपनि विद्यालय आलोट में अकादमिक संवाद का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय आलोट में अंतर जिला अकादमिक संवाद का आयोजन विनोबा सांदीपनि विद्यालय रतलाम और आलोट के मध्य संपन्न हुआ। ये बहुप्रतीक्षित आयोजन सांदीपनि विद्यालय से जुड़ी पीपल्स संस्था द्वारा मध्य प्रदेश के सभी सांदीपनि विद्यालयों के बीच कराए जाने की योजना है इसी कड़ी में आलोट और रतलाम के विद्यालयों के मध्य एक सफल संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग प्रभारी अनन्था माधव, अतीक रहमान,इंदौर संभाग प्रभारी कीर्ति मुले एवं अनुरूपा खत्री उपस्थित थे। विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, अतिथियों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्य फिरोज खान ने अतिथि परिचय और स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात दोनों विद्यालय के प्रतिभागियों ने दिए गए विषयों पर अपना पक्ष रखा। लेसन प्लान में समूह गतिविधियों का समावेश तथा एग्जिट स्लिप में नवाचार, मॉर्निंग मीटिंग, सैंपल क्वेश्चन, क्लासरूम कल्चर, सर्किल टाइम,टीम बिल्डिंग गतिविधियां, स्वतंत्र अध्ययन आदि विषय पर विनोबा स्कूल रतलाम के हीना शाह,कविता वर्मा,हर्षिता सोलंकी और राजेंद्र शर्मा ने तथा आलोट की और से मिनल जैन, शिवांगी मिथौलिया, गौपाल पोरवाल,तथा संगीता जोशी। कार्यक्रम को विनोबा स्कूल रतलाम प्राचार्य श्रमति संध्या वोहरा ने वर्चुअली संबोधित किया। आभार उपप्राचार्य श्री पियूष शर्मा ने व्यक्त किया





## जावरा आगमन पर नागर व शर्मा का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय का जावरा आगमन पर जन अभियान परिषद द्वारा स्वागत किया।

स्वागत के बाद समाज कार्य के विद्यार्थियों, परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाओं से भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा एवं उपाध्यक्ष नागर ने संवाद किया। नेताओं का स्वागत विकासखंड समन्वय युवराजसिंह पंवार, संस्था के शिवेंद्र माथुर, जसवंतसिंह, अर्पित शिकारी, परामर्श दातादेवी सिंह राठौड, अंकित ठाकुर, सुनील जमड़ा, बबलू बैरागी आदी ने किया।

**स्वागत के बाद किया संवाद:** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय का जावरा आगमन पर जन अभियान परिषद द्वारा स्वागत किया। स्वागत के बाद समाज कार्य के विद्यार्थियों, परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाओं से भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा एवं उपाध्यक्ष नागर ने संवाद किया।

**शिविर** | लायंस क्लब जावरा एवं शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद का निःशुल्क निदान शिविर

## शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ, डॉक्टरों का किया अभिनंदन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** लायंस क्लब जावरा एवं शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद का नि:शुल्क निदान शिविर रविवार को सम्पन्न हुआ। शिविर में घुटना, हड्डी व जोड़ रोग, कमर एवं रीढ़ की समस्याओं तथा पेट रोगों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया, जिसमें 100 से अधिक मरीजों ने ओपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

संस्था पदाधिकारियों द्वारा शेल्बी हॉस्पिटल के चिकित्सकों का शाल एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन यश जैन एडवोकेट ने कहा, लायंस क्लब जावरा निरंतर समाजसेवा के कार्यों में संलग्न है और भविष्य में भी इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों को विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

शेल्बी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी लायंस क्लब जावरा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की तथा अपनी टीम की चिकित्सा सेवाओं व आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों में सहभागिता का आश्वासन दिया। शिविर में लायंस क्लब के पूर्वाध्यक्ष प्रकाश मेहरा एडवोकेट, कमल जैन, सुजानमल कोचट्टा, घनश्याम रामनानी, गोपाल सेठिया, डॉ दिलीप शाकल्य, संजय गोधा, अजय चौरसिया, अनूप शर्मा एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा ने माना।

